आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में झारखंड की सफल स्कोरर बनीं काजल

**शानदार प्रदर्शन के साथ कुल 628.6 स्कोर बनाकर चौथे स्थान पर रही और फाईनल के लिए टॉप आठ मे प्रवेश किया।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी ऑफिस सुपरीडेंट रविन्द्र कुमार सिंह की पुत्री काजल कुमारी ने गोवा मे आयोजित 37 वां राष्ट्रीय खेल मे 10 मीटर एयर रायफल शूटिगं महिला वर्ग मे शानदार प्रदर्शन कर पिपरवार कोयलांचल सहित झारखण्ड का नाम रौशन किया है। मिली जानकारी के अनुसार काजल कुमारी ने 10 मीटर एयर रायफल शूटिगं महिला वर्ग के क्वालीकाईंग मे झारखंड की ओर से सबसे अधिक स्कोरर करने वाली खिलाड़ी बनी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन के साथ कुल 628.6 स्कोर बनाकर चौथे स्थान पर रही और फाईनल के लिए टॉप आठ मे प्रवेश किया। हालांकि फाइनल में काजल मेडल लेने से चूक गयी, लेकिन काजल झारखंड के लिए अभी तक सबसे अधिक स्कोर करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी और राष्ट्रीय स्तर पर बड़े प्रतियोगिता खेलने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी है। काजल कुमारी एकलव्य शूंटिंग क्लब रांची से अपने प्रशिक्षण की शुरूआत की थी और राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक राइफल शूटिंग में बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन कर रही है। काजल कुमारी के इस बेहतर प्रदर्शन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

बधाई देनेवालो मे अशोका पीओ संजय कुमार, गोविन्द रंजन, संजय मंडल, शिशिर गर्ग, फूलेश्वर महतो, हेमचन्द महतो, गुजंन कुमारी सिंह, रीना देवी, अब्दुल कुदूस, अनिल गौड, राजकुमार, गणेश यादव सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खूंटी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## अंडर-19 बालिका वर्ग में शिवानी ने पहला स्थान प्राप्त किया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** हैदराबाद में आयोजित 52वे केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023 में केंद्रीय विद्यालय खूंटी के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता के अंदर-19 बालिका वर्ग में खूंटी की शिवानी कुमारी ने 50 मीटर डिस्टेंस में स्वर्ण पदक और 30 मीटर डिस्टेंस में रजत पदक प्राप्त कर ओवरऑल पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में श्रीकांत महतो ने 50 मीटर में स्वर्ण पदक और 30 मीटर डिस्टेंस में कांस्य पदक प्राप्त कर ओवर ऑल दूसरा स्थान हासिल किया। इसी आयु वर्ग में रितेश नाग ओवर ऑल तीसरे स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त अंडर 14 बालक वर्ग में रुद्र प्रताप सिंह तीन कांस्य पदक हासिल कर ओवरऑल तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले केंद्रीय विद्यालय खूंटी के सभी बच्चे वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी खूंटी में तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह जानकारी एनआईएस कोच बसंत कुमार ने दी। तीरंदाजी में खूंटी के बच्चों की इस सफलता पर केंद्रीय विद्यालय खूंटी के प्रिंसिपल फागु मुंडा, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, राहुल कुमार, क्रिकेट कोच देवा हस्सा, राइफल कोच अनुज कुमार आदि ने बधाई दी है। एनआईएस कोच ने बताया कि गुरुवार को बच्चों के वापस ग्राउंड पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर चेकिंग अभियान

**अड़की (आजाद सिपाही)।** एस एस बी 26वीं वाहिनी के एफ कंपनी हूंट के द्वारा प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर सघन सर्च व चेकिंग अभियान चला रही है यह अभियान 26वीं वाहिनी के कमान्डेंट एस डी शेरखाने के दिशा निर्देश पर एफ कंपनी हूंट के प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में कंपनी के जवानों तथा स्थानी पुलिस के साथ मिलकर रोड पुल पुलिया एवं आने जाने वाले लोगों के उपर पैनी नजर रख रहे हैं। 15 नवंबर को प्रधानमंत्री का संभावित कार्यक्रम उलिहातू मे है। जो की भागवान बिरसा मुंडा का जनमस्थली है। इसको लेकर पुरा एरिया मे ररइ हुए कैंप लगातार सर्च अभियान चला रही है।

## एनके एरिया में जागरूकता सप्ताह का समापन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन हुआ। समापन समारोह का आयोजन डकरा वीआईपी क्लब में किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजय कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अधिकारी निखिल अखोरी के द्वारा सतर्कता जागरूकता के तहत किए गए विभिन्न तरह के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देकर किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत इजी कंपटीशन, स्लोगन कंपटीशन, स्पीच कंपटीशन और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया था। जिसमें डकरा के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी विजेता छात्र-छात्राओं और सीसीएल कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि जिस देश में भ्रष्टाचार का ग्राफ बढ़ता है उसका विकास कभी नहीं हो सकता। भ्रष्टाचार को हटाने के लिए ही राष्ट्रव्यापी सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है।

## लपरा शिव मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर कमेटी गठित



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** लपरा शिव मंदिर का जीर्णोद्धार को लेकर मंगलवार को लपरा पंचायत के ग्रामीणों के की बैठक शिव मंदिर परिसर में हुई। जिसका अध्यक्षता लपरा ग्राम प्रधान हरि पाहन ने किया। बैठक में मन्दिर का जीर्णोद्धार को लेकर चर्चा की गयी। जिसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मुखिया पुतुल देवी, दौलत शर्मा, मधुसूदन चौरसिया, गणेश प्रसाद गुप्ता, हरि पाहन ,अध्यक्ष जितेंद्र नाथ पांडे, उपाध्यक्ष रुपेश चौरसिया, अविनाश पांडे, अमित गुप्ता, रमेश गुप्ता, सचिव विजय गुप्ता ,उपसचिव प्रदीप यादव ,सुबोध रजक, सुनील गिरी और रोशन लोहरा को बनाया गया जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में मनोज गिरी और सुनील गिरी को बनाया गया इसके अलावा 26 सदस्य कमेटी का गठन किया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी-तोरपा मुख्य पथ पर बाबा आमरेश्वर धाम के पास अंगराबारी गांव में मंगलवार को सुबह नौ बजे हुई सड़क दुर्घटना में पप्पू कुमार कर नामक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। वह मुरहू थाना के घाघरा गांव निवासी केदारनाथ कर का पुत्र था। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को नौकरी और मुआवजा देने की मांग को लेकर अंगरबारी में खूंटी तोरपा रोड को जाम कर दिया। अधिकारियों के समझाने और तत्काल कुछ सहायता राशि मिलने के बाद ग्रामीण सड़क से हटे। लगभग तीन घण्टे तक सड़क जाम रहने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पप्पू अपने एक टीवीएस लूना में घूम घूम कर ब्रेड और चॉकलेट बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार को भी पप्पू अपने टीवीएस लूना से हर दिन की तरह ब्रेड और चॉकलेट बेचने के लिए घर से निकला था। अंगराबारी में मुख्य सड़क के पड़ाउ अस्पताल के पास तेज रफ्तार से आा रहे नयी चेचिस ने लूना सवार पप्पू को पीछे से टक्कर मार दी। वाहन की गति इतनी तेज थी कि वह बाइक को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया। यह देख मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन को खड़ा कर भाग निकला।

### नौकरी और मुआवजा के आश्वासन के बाद हटा जाम

पप्पू की मौत से आक्रोशित लोगों ने मृतक के आश्रित को स्थायी नौकरी, 20 लाख रुपये का मुआवजा कृतक के दोनों बच्चों को किसी अच्छे स्कूल में पढ़ाई कराने की मांग पर अड़े थे। सूचना मिलते विधायक कोचे मुंडा, भाजपा नेता काशी नाथ महतो, उप प्रमुख संतोष कर, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, बीडीओ कुमुद कुमार झा, थाना प्रभारी मनीष कुमार, एसआई विवेक प्रशांत ने मौके पर पहुंच कर सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा कर शांत कराया। मौके पर आश्रित को प्रधानमंत्री आवास, मृतक की पत्नी को किसी गैर सरकारी संस्था में नौकरी और व 12 वर्षीय बेटा सौरभ और सात वर्षीय बेटी अंतरा कुमारी को कस्तूरबा गांधी स्कूल में पढ़ाई और सरकारी प्रावधन के अनुरूप मुआवजा देने का आश्वासन के बाद सड़क जाम खत्म हआ। पुलिस ने सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

## राज्य सरकार और सीसीएल से नहीं मिल रहा सहयोग

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के सीसीएल कर्मचारी रविंद्र कुमार सिंह की पुत्री काजल एयर राइफल शूटिंग में पिछले कई साल से मेहनत कर रही है। इस दौरान राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक बेहतर प्रदर्शन कर कोयलांचल क्षेत्र सहित झारखंड राज्य का नाम रोशन कर रही है। हालांकि उन्हें उचित सुविधा नहीं मिलने के कारण परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में काजल ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा डीएवी बचरा से शुरू की थी, जिसके बाद डीएवी हेहल से 12वीं पास करने के बाद उनका पूरा ध्यान राइफल शूटिंग में है। वर्तमान में वह एकलव्य शूंटिंग क्लब रांची से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। एयर राइफल शूटिंग में लगातार उनके बेहतर प्रदर्शन से कोयलांचल सहित झारखंड का नाम रोशन हो रहा है, लेकिन स्थानीय सीसीएल प्रबंधन और झारखंड सरकार से किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं मिलना उनके मनोबल को कमजोर कर सकता है। काजल बचपन से ही राइफल शूटिंग के प्रति काफी मेहनत से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। यदि सीसीएल प्रबंधन और झारखंड सरकार खेल के क्षेत्र में काजल का सहयोग करें तो काजल का मनोबल बढ़ेगा और उनका बेहतर प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।

## खेल महोत्सव 2023 का उद्घाटन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शहीद रमेश सिंह मुंडा खेल महोत्सव 2023 का उद्घाटन विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया इस अवसर पर विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में खिलाड़ियों की कमी नहीं है यह खेल उन्हें उचित मंच प्रदान कर रही है आज के मैच में कुल 8 टीमों के बीच खेला गया जिसमें ग्रुप ए से अड़की तुंजू रायडीह और बुंडू इलेवन ने अपने-अपने मैच जीतकर दूसरे चक्र में प्रवेश किया तथा ग्रुप बी से पुरनानगर ताऊ फ्रेंड्स ग्रुप और तमाड़ पूर्वी की टीम मैच जीत कर दूसरे चक्र में प्रवेश किया फुटबॉल में कुल टीमों की संख्या 62 लड़कों का टीम 4 महिला टीम तथा 2 चालीस+की टीम में भाग ले रही इसके अलावे अड़की प्रखंड के मैदान में हॉकी का खेल जारी है इस अवसर पर सजल कुंडू राजीव लोचन कालेश्वर कार्तिक प्रमाणिक राजकुमार बिंझिया मुन्ना अरविंद निरंजन आदि उपस्थित थे।

# खूंटी आगमन पर लाखों ग्रामीण करेंगे प्रधानमंत्री का स्वागत: नीलकंठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी आगमन पर लाखों लोग उनका भव्य स्वागत करें। विधायक खूंटी के लोबिन बगान रोड स्थित अपने आवासीय कार्यालय में मंगलवार को प्रधानमंत्री के 15 नवंबर को उलिहतू और खूंटी आगमन को लेकर भाजपा खूंटी ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी भारत के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जो धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातू आ रहे हैं। उलिहातू के बाद प्रधानमंत्री खूंटी के बिरसा मुंडा स्टेडियम में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम प्रधानमंत्री के खूंटी दौरे को ऐतिहासिक बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यख मदन मोहन गोप ने की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कैलाश रमा, जिला के महामंत्री बिनोद नाग, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश, मंगा नाग, राजेश, प्रियांक भगत, सुकेंद्र महतो सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री का खूंटी आगमन आदिवासियों का सम्मान: सांसद प्रतिनिधि



**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी आगमन को लेकर गांव-गांव में काफी उत्साह है। भगवान बिरसा मुंडा के सेनानायक रहे सरदार गया मुंडा के गांव एटकेडीह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर मंगलवार को जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोगों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री की जनसभा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खूंटी आगमन हमारे लिए गौरव का विषय है। हम सभी प्रधानमंत्री के खूंटी आगमन को लेकर बेहद उत्साहित हैं कि भारत की आजादी के 75वर्ष बाद कोई प्रधानमंत्री जनजातीय सम्मान को लेकर खूंटी और उलिहातू गांव पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा सभी उनके स्वागत और अभिनंदन के लिए गाड़ी में भरकर कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

## अर्जुन मुंडा के प्रयास से एनएच 33 सड़क की टेक्निकल स्वीकृति मिलने से खुशी की लहर

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** खुंटी लोकसभा सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सराहनीय प्रयास से एन एच 33 सलगाडीह से बांकु सड़क की टेक्निकल स्वीकृति मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है केन्द्रीय मंत्री के अथक प्रयास आखिरकार रंग लाया और 77,85,19500/- रुपए की टेक्निकल स्वीकृति दिलाकर लोगों का चिरपरिचित मांग को सफल बनाने में कामयाब हुए। लगभग पच्चीस किलोमीटर लंबा यह सड़क वर्षों से अपने नव निर्माण के लिए बाट जोह रहा था। पहली सीढ़ी की सफलता मिलने से लोगो में खुशी है कि अब नहरी क्षेत्र का लाइफ लाइन कहा जाने वाला सड़क अब जल्द बनेगा। खुशी जाहिर करने वालों में मुख्य रूप से विष्णु पद महतो, धनेश्वर महतो, संतोष साहू, लक्ष्मण सिंह मुंडा, दिलीप सेठ, हरिराम महतो, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, समरेंद्र मुखर्जी, सुरेन्द्र साहु, खेत्रमोहन महतो, कृष्ण अहीर,लंबोदर महतो,बिरेन महतो, दिनेश साहू, राकेश महतो,शशधर महतो, सत्यनारायण महतो, पूर्णचंद्र शर्मा, श्यामचांद महतो, पूर्णचंद्र महतो, रामाकांत महतो,मदन सिंह मुंडा, गोविंद सिंह मुंडा, सहित क्षेत्र ग्रामीण शामिल हैं।

## विस्थापित प्रभावित टीपर हाइवा ऑनर की बैठक

### भाड़ा वृद्धि सहित ऑनरों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार मे विस्थापित प्रभावित टीपर हाईवा ऑनर की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर महतो और संचालन सुखी गंझु ने किया। बैठक में संघ को मजबूत बनाने,भाड़ा वृद्धि सहित संघ का पुर्नगठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे क्षेत्र के ऑनरो की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी को एकजुट होने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नागेश्वर महतो ने कहा कि वर्तमान में बढ़ती महंगाई के कारण ऑनर को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई वर्ष से भाड़ा वृद्धि नहीं होने से ऑनर को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए संघ के द्वारा भाड़ा वृद्धि करने पर निर्णय लिया गया है। सुखी गंझु ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र के सभी ऑनरों को एकजुट करने के लिए संघ का पुनर्गठन किया जायेगा जिसको लेकर सभी से विचार विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने सभी ऑनरों से एकजुट होकर संघ को मजबूत बनाने की अपील की।


## सतर्कता जागरूकता और भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के वन उत्पादकता संस्थान लालगुटुआ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे कार्यक्रम का आज समापन हुआ समापन कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ0 अमित पांडे और सतर्कता अधिकारी डॉ0 अनिमेष सिन्हा के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत क्विज चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय नगड़ी, राजकीय मध्य विद्यालय जगन्नाथपुर, टीवीएस उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन के मुख्य अतिथि शैलेश सिन्हा (उपमहानिरीक्षक) भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो थे इन्होंने कहा भारत में भ्रष्टाचार और इसके तरीकों में वृद्धि हुई है हमें अपने काम के प्रति ईमानदारी बरतनी चाहिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा सजग रहना चाहिए। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन योगेश्वर ने किया

## चित्रगुप्त पूजा को लेकर समिति का हुआ गठन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस में चित्रांश महापरिवार की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगीत कुमार और संचालन अश्विनी दराद ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाये जानें का निर्णय लिया गया। कोषाध्यक्ष मिथलेश कुमार के द्वारा विगत वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 15 नवंबर को बचरा में चित्रगुप्त पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा को सफल बनाने के लिए पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमे संरक्षक पिपरवार जीएम सीबी सहाय,संयोजक आम्रपाली पीओ पीके सिन्हा,अध्यक्ष संगीत कुमार, उपाध्यक्ष एके श्रीवास्तव,डॉ.डीके सहाय,विजय लाल, अवधेश प्रसाद, नवीन सिन्हा,सचिव अश्विनी कुमार दराद,सह सचिव दिलीप अम्बष्ट, रवि सहाय, संजय कुमार,शिवम अम्बष्ट, प्रवीण दराद, रमेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, पूजा प्रभारी मनोज सिंह, महासचिव अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी निशु निशांत को बनाया गया। इसके अलावे अंकित प्रियेश, गौतम सिन्हा,सत्यम अम्बष्ट,विनीत रंजन, अभिनव दराद, सुशील श्रीवास्तव सहित कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। बैठक में संगीत कुमार, शिव कुमार अम्बष्ट, अश्विनी कुमार दाराद, दिलीप अंबष्ट, रौशन आनंद, संजय श्रीवास्तव, अवधेश प्रसाद, मिथलेश कुमार, प्रवीण दाराद, मनोज, अनिल सहित कई लोग मौजूद थे।

# माइनिंग सरदार राम विजय सिंह के निधन पर दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पिपरवार पीट ऑफिस मे इनमोसा पिपरवार कमेटी के द्वारा शोकसभा का आयोज किया गया। जिसमे पिपरवार के माइनिंग सुपर वाईजर रामविजय सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके आकस्मिक मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट किया गया। इनमोसा परिवार ने कहा की इस दुःख की घड़ी मे इनमोसा पीडित परिवार के साथ खडी है। शोक सभा मे मुख्य रुप से खान प्रबधंक एसके सिंह, इनमोसा अध्यक्ष एसडी राम, सचिव अनिल कुंवर, इकबाल हुसैन, आरपी सिंह, सुनील यादव, आनन्द, मनोज, रुपलाल महतो, सुरेश कुमार, रजि अहमद, अनिल सिंह, मनीष बोदरा, रवि कुमार रविदास, आरपी राय, ब्याकुल सेठ, केपी यादव, आईजी मिंज, जोधन प्रसाद, भोला सिंह,कैलाश गिरी, सरजु सिंह सहित काफी संखया मे लोग मौजुद थे। ज्ञात हो कि पिपरवार में कार्यरत माइनिंग सरदार रामविजय सिंह की पांच नवंबर की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, इसके बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

# बेड़ो में सड़क हादसों पर नहीं लग रहा अंकुश

**1 नवंबर से 5 नवंबर पांच दिनों में सात सड़क हादसे हुए, जिसमें 14 घायल तीन की हुई मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड में सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लग रहा है। प्रायः हर दिन कहीं न कहीं सड़क हादसा होता है, जिसमें लोग असमय मौत की नींद सो जाते हैं या फिर वे गंभीर रूप से घायल होते हैं। कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां अधिक दुर्घटना होती हैं। इसे रोकने या कम करने के पर्याप्त उपाय नहीं किये जा रहे हैं। ज्ञात हो कि रांची गुमला मुख्य मार्ग एन एच 23 में पावर ग्रिड,जरिया पेट्रोल पंप, केशा मोड़,कॉलेज गेट,विनय बगीचा, बारीडीह,पुरना पानी, नगड़ी टोली मोड़,लमकाना मोड़, सांई मंदिर रोड,बेड़ो लोहरदगा मार्ग में करांजी पुल व बस्ती, खत्रीखटंगा मोड़, जनता स्कूल दिघिया,तुको पुल व कब्रिस्तान, रतन टोली मोड़ के पास अधिक सड़क हादसे होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जामटोली, केशा सेमरा, पुरियो, रोगो पतरा टोली,मुरतो आदि जगहों पर प्रत्येक सप्ताह 5-7 हादसे होते हैं। इस माह 1 नवंबर से लेकर 5 नवबंर तक में 7 सड़क हादसे हुए इन हादसों में 14 लोग घायल हुए जबकि 3 लोगो को जान से हाथ धोना पड़ा है। सड़क हादसे क्यों बढ़ रहे हैं, यह सभी को पता है। जन से लेकर तंत्र तक इस बात से वाकिफ है, लेकिन बात जब कर्तव्य निर्वहन की होती है, तो सभी पीछे हटते या फिर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं।


फाइल फोटो : घायल का इलाज करते हुए चिकित्साकर्मी।

### वाहन चालकों की लापरवाही

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के पीछे बड़ी वजह चालकों की लापरवाही होती है। सबसे ज्यादा लापरवाही दोपहिया सवार बरतते देखे जाते हैं। उन्हें न तो यातायात नियमों के पालन की चिंता रहती है और न ही उनकी हरकत से दूसरों को होनेवाली परेशानी से। वे लापरवाही पूर्वक इस कदर रफ्तार में बाइक चलाते हैं जैसे हवा से बातें कर रहे हो। इस बीच थोड़ी से असावधानी होने पर दुर्घटना को अंजाम दे बैठते हैं। इससे अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं या फिर किसी राहगीर को मौत की नींद सुला देते हैं। ऐसी लापरवाही बरतने वालों में अधिकांश युवा वर्ग के चालक होते हैं।

**शराब के नशे में चलाते हैं वाहन :** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में टीन-एजर्स बाइक चालकों की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना आम बात हो गयी है। लोग शराब के नशे में भी वाहन चलाने से गुरेज नहीं करते हैं। न केवल बाइक बल्कि सवारियों को लेकर जाने वाले तीन पहिया और चार पहिया वाहन के चालक भी नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। ऐसे चालकों की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में मरने या घायल होने वाले लोगों की संख्या अधिक हो जाती है।

### हादसों से नहीं लेते सबक

आए दिन सड़क दुर्घटना होते रहने के बावजूद लोग ऐसे हादसों से सबक नहीं ले रहे हैं। यही वजह है कि लोग सावधानी नहीं बरतते। न तो यातायात नियमों का पालन करते हैं और न ही बाइक चालक हेलमेट आदि का उपयोग करते हैं

### यातायात के नियमों का पालन जरूरी

सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। नियमों के पालन बिना हम सुरक्षित यात्रा नहीं कर सकते, लेकिन यहां इसका पालन नहीं हो रहा है। बात चाहे प्रखंड मुख्यालय की हो या फिर ग्रामीण क्षेत्रों की या फिर चौबीस घंटे व्यस्त रहने वाले एनएच की, कहीं भी लोगों को यातायात नियमों का पालन करते नहीं देखा जाता। सड़क पर जैसे-तैसे मनमानी पूर्वक वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। सड़कों पर ही लोग कई तरह के सामान भी रख देते हैं। इन कारणों से न केवल राहगीरों को परेशानी होती है, बल्कि सड़क हादसे भी होते हैं। वहीं सड़कें भी ऐसे हादसों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। कहीं सड़कों की जर्जरता तो कहीं गलत निर्माण व इसके उबड़-खाबड़ रहने से सड़क हादसे हो रहे हैं। साथ ही लंबी दूरी की बसों से लेकर ऑटो सहित अन्य छोटे-छोटे वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाए जाते हैं। ऑटो में भी छत पर सवारियों को बैठकर सफर करते देखा जाता है। अधिक लोड रहने के कारण वाहनों का अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार होना यहां के लिए कोई नई बात नहीं है। इसके अलावा वाहनों के फिटनेस आदि की भी जांच नियमित नहीं होती है। ट्रेक्टर, ऑटो व बाइक तो दुर्घटना के पर्याय ही बन गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे वाहनों को चलाने वाले अधिकांश नाबालिग और बिना लाइसेंस वाले होते हैं।

**जिम्मेदार भी नहीं गंभीर:** बढ़ते सड़क हादसों पर रोक लगाने की दिशा में संबंधित प्रशासन व जिम्मेदार भी गंभीर नजर नहीं आता। वाहन चालकों की मनमानी पर रोक लगाने, ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने, जर्जर व बेतरतीब ढंग से बनी सड़कों को दुरुस्त करने की जरूरत है। इसके बिना ऐसे हादसों को कम नहीं किया जा सकता है, लेकिन संबंधित विभागों की पहल इस दिशा में न के बराबर देखी जाती है।

## स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का हुआ वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंडरा गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व तुको गांव के राजकीय कृत मध्य विद्यालय में मंगलवार को हरिहरपुर जामटोली पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप व दिघिया पंचायत के उपमुखिया सतीश सिंह ने कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल ड्रेस पोशाक का वितरण किया गया।मौके पर पूर्व मुखिया ने कहा कि बच्चों को स्कूल ड्रेस, किताब देने से बच्चों में शिक्षा के प्रति उतसाह बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को मन लगा कर पढ़ाई करने की बात कही। उपमुखिया ने कहा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रवृत्ति,पोशाक,मध्याह्न भोजन समेत छात्र-छात्राओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने कहा कि छात्र- छात्राएं मन लगा कर पढ़ाई कर विद्यालय तथा देश का नाम रोशन करें तभी सरकार की योजना कारगर होगी। मौके पर वार्ड सदस्य आदेश यादव शिक्षक राम प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## बेड़ो में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल बेड़ो में होगी। जिसमें बेड़ो मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों को शामिल होने की अपील की है।यह जानकारी नरकोपी मंडल महामंत्री बलराम सिंह ने दिया। लापुंग प्रखण्ड कार्यालय प्रांगण में सुखी पेड़ किसी अनहोनी घटना को आमंत्रित कर रहा है ,इस सुखी पेड़ पर किसी की ध्यान नही।

## सूखा अकासी का पेड़ खतरा को दे रहा निमंत्रण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखड मुख्यालय के समान एक सूखा अकासी का पेड़ किसी खतरा को निमंत्रण दे रहा है। यह सुखा पेड़ प्रखण्ड मुख्यालय गेट के सामने खड़ा है और कभी भी हवा पानी मे गिर सकता है व जान माल की क्षति हो सकती है। रोज इसी सुखी पेड़ के दर्शन करने के बाद प्रखण्ड व अंचल कार्यालय के पदाधिकारी कार्यालय में प्रवेश करते है। कार्यालय के प्रांगण में होने के कारण बाहर चार चक्का व मोटरसाइकिल उसी पेड़ के नीचे खड़ी करते है साथ ही लोग एक दूसरे से खड़ा होकर बात चीत करते है। यह सुखी पेड़ महीनों से खड़ा है कभी भी यह सुखी पेड़ से अनहोनी घटना घट सकती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी न अंचलाधिकारी के अलावे किसी जनप्रतिनिधि का ही ध्यान इस पेड़ की ओर है। किसी पादाधिकारी की कार्यकाल खत्म होजाती है तो उससे फूल माला व गुलदस्ता देकर विदाई किया जाता है पर यह वृक्ष भी अपने जीवन काल में निश्वार्थ भाव से धूप में छाया व पर्यावरण का प्रदूषण को संतुलन बनाए रखा। लेकिन यह पेड़ अब निर्जीव हो गया है इससे भी सम्मान पूर्वक वहां से हटाकर उसके जगह दूसरा पौधा लगाकर उसकी कमी की पूर्ति किया जा सकता है। इस सूखे निर्णय पेड़ पर किसी का ध्यान नही है जितने भी जनप्रतिनिधि या पदाधिकारी कार्यालय आते है अपने निजी कार्य के आते है व निपटाकर चले जाते है।

# मछली घर ओरमांझी के पास खुला पूर्वी भारत का सबसे बड़ा तितली पार्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान चकला में तितली पार्क का उद्घाटन मंगलवार को एल ख्यांगते अपर मुख्य सचिव वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान अतिथियों के द्वारा पार्क में तितलियों को छोडा गया।




उद्घाटन के अवसर पर एल ख्यांगते अपर मुख्य सचिव वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार ने कहा कि झारखंड राज्य में तितली पार्क का स्थापना करना गौरव की बात है। तितली पार्क का छात्र-छात्राओं के द्वारा अवलोकन कर तितलियों के बारे में अध्ययन करने का मौका मिलेगा। डॉ संजय श्रीवास्तव प्रधान मुख्य वन संरक्षक झारखंड ने कहा कि रांची शहर के बीचों बीच प्राकृतिक वादियों के बीच तितली पार्क सैलानियों को समर्पित किया गया। इस पार्क में तितलियों के बारे में छात्र-छात्राओं को जानने का मौका मिलेगा। बच्चों से अपेक्षा है कि हर आदमी के बीच जागरूकता फैलायें।

उद्घाटन समारोह में उद्यान के निदेशक जब्बर सिंह ने कहा कि इस प्राकृतिक माहौल में विभिन्न प्रजातियों के तितलियों को देखने का मौका मिलेगा। इसको देखने से तितलियों को देखने और उसके बारे में अधिक से अधिक जानने की उत्सुकता बढ़ेगी।

# हाइकोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर 4.53 लाख की ठगी

- चटकपुर और आनंदनगर की रहने वाली है भुक्तभोगी
- हैदरनगर पलामू का रहने वाला है ठग एके जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर एक ठग ने दो लोगो से लगभग साढ़े चार लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगी का एहसास उन्हें तब चला जब ठग अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। मामले को भुक्तभोगी में पलामू हैदर नगर कोटारी के रहने वाले एके जयसवाल के खिलाफ रातु थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक रातु थाना क्षेत्र के आनंद नगर के रहने वाले रंजीत कुमार साव से 3 लाख 38 हजार व चटकपुर मिलन चोंक में रहने वाली उसकी साली अंजू कुमारी से 1 लाख 15 हजार रुपया दोनों मिलाकर लगभग 4.53 लाख की ठगी की गई है। भुक्तभोगीयो के मुताबिक उसने आरोपी के भारतीय स्टेट बैंक के एकाउंट नंबर 34219969555 और नकद भी रुपये दिये है। आरोपी एके जय सवाल लगातार फोन कर उसे हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने का का भरोसा दिलाता रहा। इसके उपरांत उसने 4 अक्टूबर को नौकरी लग जाने की बात कही। 4 अक्टूबर के बीत जाने के बाद आरोपी ने अपना फोन बंद कर लिया। ठगी का एहसास होने के उपरांत भुक्तभोगी ने रातु थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हुरहुरी से छात्र लापता



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी बड़काटांड के रहने वाले हसमुद्दीन अंसारी के 13 वर्षीय पुत्र दिलशाद अंसारी मंगलवार सुबह 9 बजे से लापता है। मामले को लेकर पिता ने रातू थाने में पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पिता ने बताया कि उसका पुत्र मंगलवार की सुबह 9 बजे अपने घर से निकला था परंतु रात तक घर वापस नही आया है। परिजनों ने आस पड़ोस व रिस्तेदारो के यहां काफी खोज बिन किये परंतु छात्र का कुछ पता नही चल पा रहा है। वह पैंट व ब्लेक रंग का टी शर्ट पहना हुआ है। बच्चा हुरहुरी के ही एसआर हाई स्कूल का छठा क्लास का छात्र है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक्यूप्रेशर परिषद की बैठक में पदाधिकारी मनोनीत




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की बैठक मां एक्यूप्रेशर सेंटर टाटीसिलवे के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एक्यूप्रेशर परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रकाश बरनवाल ने की। इसमें झारखंड शाखा और रांची जिला के लिये एक्यूप्रेशर काउंसिल पदाधिकारी मनोनीत किया गया। न्यायमूर्ति महेंद्र प्रसाद, प्रदेश सभापति डॉ मधुसूदन पांडे, प्रदेश सचिव डॉ शिव कुमार बर्मन, स्टेट डायरेक्टर डॉ दिनेश जायसवाल, सेंटर डायरेक्टर डॉ बलराम महतो, सेंटर डायरेक्टर टाटीसिलवे डॉ महेश प्रजापति, सेंटर डायरेक्टर राजाउलातू डॉ रुकमणी कुमारी, सेंटर कोर्स डायरेक्टर डॉ सरस्वती कुमारी, डॉ लपून कुमारी, डॉ नीरज चौधरी, डॉ नरेश महतो को मनोनीत किया गया। मां एक्यूप्रेशर सेंटर को झारखंड एक्यूप्रेशर परिषद का प्रदेश मुख्यालय बनाया और डॉ मधुसूदन पांडे को झारखंड के 24 जिलों में जिला सचिव मनोनीत करने के लिए अधीकृत किया गया। साथ ही साथ एक्यूप्रेशर चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत घर-घर एक्यूप्रेशर को पहुंचाने के लिए डॉ मधुसूदन पांडे को विधानसभा में शीतकालीन सत्र में एक्यूप्रेशर शिविर लगाने हेतु अधिकृत किया गया। जानकारी एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने दी।

## जल संसाधन सचिव से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** चांडिल डैम के विस्थापितों की मांग को लेकर मंगलवार को राज्यसभा सांसद के सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार से मुलाकात किया और उन्हें 10 सूत्री मांग पत्र सौपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से 1980 में किये गये एग्रीमेंट का पालन, प्रत्येक विस्थापित परिवार के एक सदस्य को नौकरी, पुनर्वास नीति के तहत भूमि पट्टा के साथ उचित मुआवजा, बच्चों के लिये उच्च शिक्षा की व्यवस्था आदि मांग में शामिल है। मौके पर सचिव ने सकारात्मक कारवाई का भरोसा दिया। प्रतिनिधि मंडल द्वारा पुनर्जांच की मांग भी की गयी। तीन सदस्य प्रतिनिधि मंडल में सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो, विवेक सिंह ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल है।

## ताइक्वांडो खिलाड़ी देवघर के लिए हुए रवाना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 23वां झारखंड स्टेट सिनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता देवघर कॉलेज देवघर में 8 से 10 नवंबर तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोच संजय मुण्डा के नेतृत्व में अनगड़ा से 13 खिलाड़ी मंगलवार को देवघर के लिए रवाना हुए। इन खिलाड़ियों में जीपी हाईस्कूल हेसल गोंदलीपोखर के 8 लड़के और मध्य विद्यालय नवागढ़ की 5 लड़कियां शामिल हैं।

## विद्यार्थियों में मानव मूल्यों का विकास संस्थानों का दायित्व : स्वामी अंतरानंद



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ साथ मानवीय मूल्यों का विकास करना भी सभी शिक्षण संस्थानों का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासन में रहकर ही एक सफल विद्यार्थी समाज में एक अच्छा इंसान बन सकता है। इसके लिये अपनी अंतरात्मा से जुड़े रहना श्रेयस्कर होगा। मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, ओएसडी डॉ पीएस शर्मा, प्रो. अरशद उस्मानी आदि शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सिरका को आदर्श पंचायत बनाने की मांग

**मुखिया नें राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के सिरका पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने की मांग को लेकर मंगलवार को मुखिया रोशनलाल मुण्डा के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सिरका पंचायत को आदर्श पंचायत हेतु चयन कर बुनियादी ढांचा को बेहतर बनाने तथा जनसहभागिता, जनभागीदारी और ग्राम सभा की सहमति के आधार पर ग्राम पंचायत के सभी वर्ग के लोगों का चहुमुखी विकास करने की बात कही गई है। सांसद नें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, युवा नेता आशीष साहू, विपीन मुंडा, शिबु मुंडा, राजू महतो, पारसनाथ महतो आदि मौजूद थे।


सांसद को ज्ञापन देते मुखिया और अन्य

# लिवंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में दो सौ बेड अस्पताल का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के मांडर मिशन स्थित कॉन्सटेंट लिवंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में मगंलवार को दो सौ बेड अस्पताल का शिलान्यास फादर कोंस्टेंट लिवंस की 150वीं पुण्यतिथि और कोंस्टेंट लिवंस अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर मांडर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर किया गया। यह अस्पताल सात करोड़ की लागत से डेढ़ से दो साल के अंदर बनकर तैयार हो जाएगा। अस्पताल के बनने से क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा में काफी सुधार होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित भारत और नेपाल के लिए मोस्ट रेव्ह लियोपोल्डो गिरेली अपोस्टोलिक नुनसियो थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम सभी इस स्थान पर जिस कार्य के लिए एकत्रित हुए हैं यह दिवंगत कार्डिनल टेलेस्फोर पी टोप्पो की देन है। इस अस्पताल के निर्माण का सपना उन्होंने वर्षों पहले देखा था। कुछ देर तो हुई पर अंततः आज इसकी आधारशिला रख दी गयी। उनका सपना था कि जनजातियों सहित समाज के वैसे लोग जो हाशिए पर खड़े हैं सभी को एक अस्पताल के माध्यम से अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा मिले। इसी क्षेत्र से होने के कारण उनका विशेष लगाव यहां के लोगों से था, और यही कारण था कि उन्होंने इस अस्पताल के निर्माण की सोच रखी थी। वर्तमान में इस अस्पताल में काम कर रहे डॉक्टर, नर्स सहित सभी स्वास्थायकर्मी फेलिक्स टोप्पो धन्यवाद के पात्र हैं। इसके बाद जिस स्थान में निर्माण कार्य होना है वहां सभी अतिथियों ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि भारत और नेपाल के लिए मोस्ट रेव्ह लियोपोल्डो गिरेली-अपोस्टोलिक नुनसियो, सीबीसीआई अध्यक्ष एंड्रयूज थजथ, सीबीसीआई उपाध्यक्ष जॉर्ज एंटनीसामी, जोसेफ मार थॉमस, सीबीसीआई उप महासचिव फादर जर्विस डिसूजा, एसएमईएनआई, अध्यक्ष सीबीसीआई टेलीस्फोर बिलुंग, सीबीसीआई अध्यक्ष एनआई आनंद जोजो, सीबीसीआई एसएमई एनआई सचिव फेलिक्स टोप्पो, बोर्ड सदस्य सीबीसीआई हम एनआई थॉमस डिसूजा, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और भाजपा नेता सन्नी टोप्पो आदि शामिल हुए।

## शिलापट्ट से जिप अध्यक्ष का नाम गायब निर्मला भगत ने जतायी नाराजगी

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुंडील पंचायत स्थित ग्राम नवा सोसो में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत फएड रोड से दामाद कॉलोनी होते हुए दो सिमानी तक और चटकपुर पंचायत के ग्राम छाताटुंगरी में फए.ड पथ झिरी से नवासोसो गांव के विभिन्न गलियों एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनधि तथा ग्राम प्रधान को सूचना नही देने पर जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने नराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाई। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि शिलान्यास कार्यक्रम मे पंचायत प्रतिनिधियों को न बुलाकर उन्हें अपमानित किया गया है। पंचायत जनप्रतिनिधि लोगो की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं। उनके पास सरकार का दिया हुआ बहुत अधिक फंड नहीं रहता है फिर भी अपने स्तर पर लोगो की सेवा में समर्पित रहते हैं। ऐसे में उन्हें इस तरह अपमानित करना शोभा नही देता है। शिलापट्ट में सांसद व विधायक का नाम होने तथा जिप अध्यक्ष का नाम नही देने पर भी प्रतिनधि विभागीय अधिकारियों से नाराज थे। इसके उपरन्तएसडीओ के द्वारा शिलापट्ट को काले रंग से मिटाने और इस तरह की ओछी घटना की पूर्णवृति नही होने, दो दिन के अंदर शिलापट्ट को बदलने के आश्वासन के बाद प्रतिनिधि शांत हुये।

## क्वार्टर फाइनल में पहुंची शहीद बिरसा जोरार की टीम



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आदर्श ग्राम बड़ाम मैदान में चल रही चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का मंगवार को चौथे दिन का मैच खेला गया। पहला मैच पीके पंप बनाम उरांव ब्रदर्स के बीच खेला गया। इसमें 1 गोल से पीके की टीम विजय रही। दूसरा मैच शहीद बिरसा जोरार बनाम बोड़ेया एफसी के बीच खेला गया। इसमें शहीद बिरसा की टीम 2 गोल से विजय रही। इधर, कमेटी के सदस्य निखिल दागल ने बताया कि सोहराई पर्व के अवसर पर 14 नवंबर को क्वार्टर फाइनल मैच पीके पंप बनाम शहीद बिरसा जोरार के बीच सुबह 11 बजे खेला जायेगा। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सीताराम तिवारी और विशिष्ट संतोष कुमार बड़ाईक मौजूद थे। मैच की शुरूआत अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया गया। मौके पर जकरियस गाड़ी, धर्मेंद बक्सी, बड़ाम मुखिया कृष्णा लोहरा, सुखराम लकड़ा, अणिमा टोप्पो, अनिता तिर्की, सुषमा तिर्की, कुणाल गोप, सत्यनारायण गोप, कल्याण टोप्पो, प्रभास झा, शंकर नायक, निखिल दागल सार आदि मौजूद थे।

